समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# राजस्थान के जैसलमेर समेत कई जिलों मे आज बंद रहेगें स्कूल-कॉलेज, ब्लैकआउट से राहत मिलने के बाद कैसे है हांलात ?

Publisher

Published on 12 May 2025




## राजस्थान के जैसलमेर सहित कुछ जिलों मे हांलात अभी भी संवेदनशील है. प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल-कॉलेज सहित तमाम शैक्षणिक संस्थानों को आज बंद रखने का फैसला लिया.

राजस्थान के बॉर्डर वाले जिले जैसलमेर में सोमवार (12 मई) को ब्लैकआउट समाप्त होने के बाद सुबह के समय सड़कों पर चहल पहल दिखाई दी. कई दिनों बाद शहर में जिंदगी पटरी पर लौटी नजर आई. लोग बाजार में जरूरत की चीजों की खरीददारी करते नजर आए. हालांकि, जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर सहित कई जिलों में एहतियातन आज भी स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे.

फिलहाल, राजस्थान के कुछ जिलों में हालात अभी भी बेहद संवेदनशील बताए जा रहे हैं. प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर इन क्षेत्रों में स्कूल-कॉलेज सहित तमाम शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने का फैसला लिया है.

पाकिस्तान पर लोगों को ऐतबार नहीं
स्थानीय लोगों के अनुसार जैसलमेर में ब्लैकआउट समाप्त होने के बावजूद अभी पहले वाली रौनक नहीं लौटी है. लोग जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं. लोगों को पाकिस्तान पर एतबार नहीं है. यही वजह है कि लोग ब्लैकआउट समाप्त होने के बाद घर से बाहर निकलने में जरूरी एहतियात बरत रहे हैं. इस मामले में लोगों को सोमवार को दोपहर 12 बजे डीजीएमओ लेवल पर होने वाली बातचीत का इंतजार है.

जैसलमेर के निवासी रेवंत सिंह के अनुसार ड्रोन आदि की गतिविधि पहले की दो रातों की तुलना में कहीं कम रही. उन्होंने बताया कि, ''बीती रात पूरी तरह से तो सामान्य नहीं थी क्योंकि आसमान में ड्रोन गतिविधियां देखी गईं.''

प्रशासन ने ब्लैकआउट की घोषणा ली वापस

हालांकि, शनिवार शाम को संघर्ष विराम की घोषणा से सीमावर्ती इलाकों के लोग कुछ आश्वस्त नजर आए और स्थिति सामान्य होने लगी. इसके बाद जैसलमेर और बाड़मेर में शाम को बाजार फिर से खुल गए और बाड़मेर में 'ब्लैकआउट' की घोषणा वापस ले ली, लेकिन रात होते होते संघर्षविराम उल्लंघन की खबरें आने के बाद सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर के साथ फलोदी में जिला प्रशासन ने 'अलर्ट' जारी करते हुए 'ब्लैकआउट' कर दिया.

दरअसल, पाकिस्तान की ओर से गुरुवार और शुक्रवार रात को जैसलमेर व बाड़मेर में पाकिस्तान द्वारा ड्रोन हमले किए गए थे. भारतीय सशस्त्र बलों ने इन हमलों को हवा में ही विफल कर दिया था. अभी तक किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है.

अफसर को जरूरी सतर्कता बरतने के निर्देश

इस बीच केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर के अधिकारियों के साथ बैठक की और स्थिति पर चर्चा की. उन्होंने मौजूदा सुरक्षा के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली. मंत्री ने अधिकारियों को सतर्कता और निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.